# भीषण सड़क हादसा: ट्रक और बाइक की भिड़ंत में पति-पत्नी की मौत, मासूम बेटा घायल

**सतना।** सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर आज दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। कोठी थाना क्षेत्र के बगिया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और बाइक के बीच हुई सीधी भिड़ंत में पति-पत्नी की मौत हो गई,जबकि उनका 5 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।







### ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक,ट्रक सतना से चित्रकूट की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक अचानक ट्रक से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाइक सवार एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था,जिसके चलते वह गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में चला गया और सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दादूलाल रैकवार (निवासी नैना गांव) की मौके पर ही सांसें थम गईं।

### अस्पताल ले जाते समय पत्नी ने तोड़ा दम

घटना के तुरंत बाद कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने घायल पत्नी रेशू और उनके 5 साल के बेटे को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। हालांकि,नियति को कुछ और ही मंजूर था; रास्ते में ही रेशू ने भी दम तोड़ दिया। मासूम बच्चे का इलाज फिलहाल जिला अस्पताल में चल रहा है,जहाँ उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद मृतकों के गाँव और आसपास के इलाके में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने एक बार फिर वाहन चालकों से ओवरटेक करते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### जेनरेटिंग कंपनी ने अधिवक्ता सचिन मिश्रा को किया नियुक्ति



**मैहर।** मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी ने अपने लंबित एवं महत्वपूर्ण न्यायालयीन प्रकरणों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता सचिन मिश्रा की नियुक्ति की है। एवं शारदा प्रबंधक समिति के सदस्य भी हैं,अब कंपनी से जुड़े मामलों में न्यायालय में मजबूत और प्रभावी पक्ष रखने की दिशा में तेजी आएगी। यह नियुक्ति विशेष रूप से उन प्रकरणों के लिए की गई है जो लंबे समय से लंबित हैं और जिनमें त्वरित निस्तारण की आवश्यकता है। कंपनी प्रबंधन का मानना है कि इस कदम से न केवल न्यायालयीन प्रक्रियाएं तेज होंगी बल्कि मामलों के समाधान में भी पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

### प्याऊ खुलने से राहगीरों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**उमरियापान।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के खमतरा सेक्टर में झिन्ना पिपरिया में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति दियागढ़ के द्वारा प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ खुलने से राहगीरों को भी शुद्ध एवं ठंडा पेयजल मिलेगा। इस मौके पर परामर्शदाता मुकेश सिंह बरकड़े, धीरज पटेल, पिक्कू असाटी, देवराज मरावी, आशीष सिंह, दीपचंद यादव उपस्थित रहे।

### पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा सराहनीय पहल की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं समीपस्थ हनुमान मंदिर परिसर में पक्षियों के लिए सकोरे लगाकर पानी की व्यवस्था की।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**सतना।** विधवा महिला को शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को नागौद पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

**क्या था मामला ?**

पीड़िता ने 14 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2022 में पति की मृत्यु के बाद उसके रिश्ते का देवर सूरज पटेल उसके घर आने-जाने लगा। आरोपी ने महिला और उसके दो बच्चों की जिम्मेदारी उठाने व शादी करने का वादा किया। इसी झांसे में रखकर वह महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब महिला ने शादी का दबाव बनाया,तो आरोपी ने साफ मना कर दिया। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सूरज पटेल 36 वर्ष निवासी टेकुआ रीवा को दिनांक 22 अप्रैल को सिंहपुर चौराहा, नागौद से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अशोक पाण्डेय,सउनिरी.रविशंकर दुबे,प्र.आर.संजय त्रिपाठी और प्र.आर.मिथलेश मिश्रा शामिल रहे।



## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**सतना।** नागौद पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को गुरुग्राम हरियाणा से दबोचकर जेल भेज दिया है।

### मामले का विवरण

गत 30 मार्च को पीड़िता के भाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बहन घर से बिना बताए लापता हो गई है। शक जताया गया था कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। विवेचना के दौरान साइबर सेल की मदद से संदेही का लोकेशन गुरुग्राम,हरियाणा में मिला। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी पवन ढीमर 22 वर्ष निवासी अटरा को हिरासत में लिया और नाबालिग को बरामद किया। पूछताछ और जांच में दुष्कर्म की पुष्टि होने पर मामले में पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई गईं। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय,उनिरी.राजेंद्र वर्मा,साइबर सेल प्रभारी उनिरी.अजीत वर्मा,प्र.आर.रामकिशोर प्रजापति और प्र.आर.संतोष सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियंता के कड़े तेवर, वसूली और शिकायतों के निराकरण पर जोर



**सतना।** शहर संभाग सतना में आज विद्युत व्यवस्था की मजबूती और राजस्व वसूली को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। दोपहर में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह ने की। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यप्रणाली को लेकर कड़े निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधीक्षण अभियंता ने 'समाधान योजना' की प्रोग्रेस की समीक्षा करते हुए श्री सिंह ने माह के अंत तक समाधान प्रोग्रेस और विजिलेंस रिकवरी को 50 प्रतिशत तक पहुँचाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने बकाया वसूली में किसी भी प्रकार की ढील न बरतने की हिदायत दी। हेल्पलाइन,1912 और एन एससी (नए सर्विस कनेक्शन) से जुड़ी शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर दिया गया। मेंटेनेंस कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ पावर ट्रांसफार्मर और डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर के लोड वेरिफिकेशन के निर्देश दिए गए,ताकि भविष्य में ट्रिपिंग और ओवर लोडिंग की समस्या न हो। फीडर वाइज लाइन लॉस की समीक्षा की गई और बिल सुधार व शिकायतों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिल सके।

**कड़ाई से पालन की हिदायत**

अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह ने फील्ड स्टाफ और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण और पंचनामा की कार्यवाही पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए। उन्होंने वसूली के लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने के लिए कड़ाई से पालन करने की चेतावनी भी दी। इस उच्चस्तरीय बैठक में शहर संभाग के मुख्य अधिकारी और फील्ड स्टाफ मौजूद रहा,जिनमें मृगेंद्र सिंह चंदेल (कार्यपालन अभियंता,शहर संभाग) राजस्व टीम अवनीश पाण्डेय,रामविनीत तिवारी,पूनम गुप्ता (सहायक अभियंता) एवं अजय दुबे,राहुल मिश्रा,इशरार अहमद,अटल कुमार (कनिष्ठ अभियंता)। कुलदीप मिश्रा (सहायक अभियंता) एवं मानवेन्द्र नन्दन (कनिष्ठ अभियंता) आदि शामिल है।

## मैहर सिविल अस्पताल की लिफ्ट हुई शुरू, मरीजों में प्रसन्नता



**मैहर।** लंबे समय से बंद पड़ी मैहर सिविल अस्पताल की लिफ्ट आखिरकार दो वर्षों बाद फिर से चालू हो गई है। लिफ्ट बंद रहने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था,खासकर बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को ऊपरी मंजिल तक ले जाने में दिक्कत होती थी। बताया जा रहा है कि इस समस्या को लेकर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने पत्राचार के माध्यम से उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से संपर्क बनाए रखा और अस्पताल की लिफ्ट को जल्द शुरू कराने की मांग उठाई थी जिस पर श्री शुक्ल के द्वारा मैहर अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान देखा गया था और शीघ्र ही लिफ्ट चालू करने के आदेश दिए गए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने पहल करते हुए सीएमएचओ के माध्यम से अस्पताल की लिफ्ट को दुरुस्त कराया गया जिसके बाद अब इसका संचालन सुचारु रूप से शुरू हो गया है। सिविल सर्जन डॉ.आरएन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि लिफ्ट चालू होने के बाद आने वाले 2-4 दिनों में एक जनरल एसी वार्ड भी शुरू कर दिया जाएगा जिससे मरीजों को और अधिक सुविधा मिलेगी। लिफ्ट शुरू होने पर मरीजों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं डॉ.आरएन पाण्डेय के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## शहर के प्रमुख चौराहे और तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण



**कलेक्टर मैहर ने ली सीएसआर की बैठक**

**मैहर।** कलेक्टर मैहर श्रीमती विदिशा मुखर्जी ने डीएमएफ और सीएसआर संबधी समीक्षा बैठक ली। बताया गया कि प्रथम चरण में 10 आंगनवाड़ी केंद्रों को चाइल्ड फ्रेंडली प्री स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सीएसआर मद से मैहर शहर के 5 प्रमुख चौराहों को व्यवस्थित कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसी प्रकार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इसी मद से शहर के 3 और ग्रामीण क्षेत्रों के 3 तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। नगरपालिका मैहर अंतर्गत कुल 60 आंगनवाडी केंद्र में से प्रथम चरण में 10 आंगनवाड़ी केंद्रों को चाइल्ड फ्रेंडली आकर्षण बढ़ाकर उन्हें प्री स्कूल की सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजना जैन,एसडीएम मैहर दिव्या पटेल,डॉ.आरती सिंह एसपी मिश्रा,खनिज अधिकारी सतीश मिश्रा, आरटीओ संजय श्रीवास्तव,सीईओ जनपद पंचायत,सीएमओ नगर पालिका सुषमा मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सीएसआर प्रबंधक उपस्थित रहे। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने जनसुनवाई एवं सीएमहेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन,एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल,एसडीएम रामनगर शिवप्रकाश मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल,महिला बालविकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे,आरटीओ संजय श्रीवास्तव खनिज अधिकारी सतीश मिश्रा उपस्थित रहे।

## नौगवां में मनाया गया ग्राम गौरव दिवस

### अमर शहीद शंकर प्रसाद पटेल को दी गयी श्रद्धांजलि



**मैहर।** जिले के ग्राम नौगवा में आज अमर शहीद शंकर प्रसाद पटेल जी का बलिदान दिवस 'ग्राम गौरव दिवस' के रूप में मनाया गया। सीआईएसएफ जवान एएसआई शहीद शंकर प्रसाद पटेल ने जम्मू-कश्मीर के सृजवान में आतंकवादी हमले को बहादुरी से नाकाम करते हुए अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का परिचय दिया था। उनकी वीरता की विरासत देशवासियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, सत्यभान पटेल एवं शहीद परिवार सहित मैहर,अमरपाटन और रामनगर क्षेत्र के सैकड़ों लोग पहुंचे। सभी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने शहीद शंकर प्रसाद पटेल के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका सर्वोच्च बलिदान नौगवा ही नहीं,पूरे मैहर जिले के लिए गौरव की बात है। उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। ग्रामवासियों ने शहीद की स्मृति को चिरस्थायी बनाने और हर साल ग्राम गौरव दिवस को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया।

## अनियंत्रित होकर नहर में गिरा सरिया से लदा ट्रक, चालक समेत तीन की दर्दनाक मौत

**सतना।** जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-39 पर नेमुआ मोड़ के पास सरिया से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पुलिया तोड़ते हुए सीधे नहर में जा गिरा। इस हृदयविदारक घटना में ट्रक में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में ट्रक चालक,क्लीनर और एक मजदूर शामिल हैं।



### तीन घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। ट्रक इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था कि शव अंदर ही दब गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत बचाव कार्य शुरू किया गया। पहले क्रेन के जरिए भारी-भरकम ट्रक को सीधा किया गया,जिसके बाद दो शवों को बाहर निकाला जा सका।तीसरे शव को निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वह ट्रक की बॉडी के बीच बुरी तरह फंसा हुआ था।अंततः गैस कटर मशीन मँगवाई गई और ट्रक का हिस्सा काट कर शव को बाहर निकाला गया।यह पूरा रेस्क्यू ऑपरेशन करीब तीन घंटे तक चला,जिसके दौरान सड़क के दोनों ओर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा रही।

### मृतकों की पहचान

पुलिस के अनुसार,मृतकों में से दो की शिनाख्त हो गई है। इनमें दिलीप केवट पिता राजेश केवट निवासी ग्राम पडरी,जिला मैहर और विष्णु केवट पिता माखनलाल केवट निवासी रामगढ़,जिला मैहर शामिल हैं। ये दोनों मजदूर के तौर पर सरिया खाली करने के लिए ट्रक पर सवार थे। हादसे की जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी और तहसीलदार सुजीत नागेश ने भी मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**तेज हवाओं के कारण बेकाबू हुई आग खेतों को चीरते हुए रिहायशी इलाके तक जा पहुंची**

## खेतों से उठी आग की लपटों ने मचाया तांडव, ओबरा गांव में घर जलकर खाक

**सतना।** मैहर जिले के अमरपाटन और नादन क्षेत्र में आग ने भीषण तबाही मचाई। ग्राम ओबरा में नरवाई से उठी चिंगारी ने ऐसा विकराल रूप धारण किया कि करीब 2 किलोमीटर के दायरे में आने वाली हर चीज को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं के कारण बेकाबू हुई आग खेतों को चीरते हुए रिहायशी इलाके तक जा पहुंची,जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### मकान जमींदोज,दाने-दाने को मोहताज हुआ परिवार

खेतों के बीच स्थित गोरेलाल पटेल का घर इस आग की भेंट चढ़ गया। देखते ही देखते लपटों ने पूरे मकान को घेर लिया। इस अग्निकांड में घर के अंदर रखा भारी मात्रा में अनाज,मवेशियों का भूसा और गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।पीड़ित परिवार की आंखों के सामने उनकी जिंदगी भर की कमाई खाक हो गई।





### दमकल विभाग ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। फिलहाल स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिशें जारी हैं,लेकिन इस अग्निकांड ने किसानों और ग्रामीणों को गहरे सदमे में डाल दिया है। मैहर के अमरपाटन क्षेत्र में आग का तांडव देखने को मिला है। ओबरा गांव में नरवाई से शुरू हुई आग ने विकराल रूप लेते हुए रिहायशी बस्ती को अपनी जद में ले लिया। तेज हवा ने आग में घी का काम किया,जिससे लपटें तेजी से फैलीं। दमकल की गाड़ियां मौके पर हैं,लेकिन तब तक एक घर पूरी तरह जल चुका था। लोग दहशत में हैं और प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## यादव परिवार के स्तंभ ज्ञानेंद्र सिंह यादव कुट्टी का निधन, महाराज सागर में हुआ अंतिम संस्कार



**पन्ना।** स्थानीय शहर के यादव परिवार के सदस्य एवं समाजसेवी ज्ञानेंद्र सिंह यादव ''कुट्टी'' का कल दिनांक 21/04/2026 को दुखद निधन हो गया है। वे स्वर्गीय पंचम सिंह यादव के सुपुत्र थे। उनके निधन की खबर से शहर में शोक की लहर व्याप्त है। ज्ञानेंद्र सिंह यादव शहर के प्रसिद्ध प्रॉपर्टी डीलर राजेंद्र सिंह यादव, वरिष्ठ पत्थर खदान संचालक अरविंद सिंह यादव दद्दी भाईसाहब एवं भाजपा नेता व समाजसेवी देवेंद्र सिंह यादव बबलू दाऊ के सगे भाई थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्व. ज्ञानेंद्र सिंह यादव की अंतिम यात्रा 22/04/2026 को उनके निज निवास से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार दिन में 11:30 बजे स्थानीय महाराज सागर मुक्तिधाम, पन्ना में किया गया। इस दुखद घड़ी में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने यादव परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## ग्राम गिरवारा-डुडहा मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**डायल 112 की तत्परता से घायल को पहुंचाया देवेंद्रनगर अस्पताल**

**देवेंद्रनगर।** बुधवार को शाम 4:00 बजे देवेंद्रनगर 112 में पदस्थ प्रधान आरक्षक के.पी. यादव से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरवारादृडूडढा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही डायल 112 टीम ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल युवक को सुरक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवेंद्रनगर पहुंचाया। इस दौरान आरक्षक और पायलट निशांत पाठक की सक्रिय भूमिका रही, जिनकी मदद से घायल को समय पर उपचार मिल सका। घायल युवक की पहचान मनीष चौधरी (पिता छोटे लाल चौधरी), उम्र 30 वर्ष, निवासी इटौरा के रूप में हुई है। वर्तमान में उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,देवेंद्र नगर में जारी है। डायल 112 की इस सराहनीय कार्रवाई से एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ है कि आपात स्थिति में यह सेवा आमजन के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है। वहीं पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

## बिजली की लगातार हो रही कटौती से आम जनता परेशान

**पन्ना।** जहां एक ओर भीषण गर्मी से आम लोग भारी परेशान है वहीं दूसरी ओर लगातार बिजली की कटौती से आम जनमानस भारी परेशान है 24 घंटे में दर्जनों बार बिजली गुल हो जाती है जिससे सारे काम ठप्प हो जाते हैं रात्रि में बिजली जाने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही है जिससे आम लोग भारी परेशान हैं जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए गए बिजली के दाम बढ़ाए गए 1 दिन भी बिजली बिल जमा होने पर बिजली काट दी जाती है लेकिन बिजली विभाग अपनी सेवाएं देने में नाकाम है बिजली के द्वारा ही सभी कार्यालय में कंप्यूटर के माध्यम से काम होते हैं बिजली चली जाती है तो सभी काम रुक जाते हैं बताया जाता है कि घटिया सामग्री लगाए जाने के कारण बिजली ट्रैप होती है और बिजली चली जाती है आए दिन ट्रांसफार्मरों में आग लग जाती है तथा वह जल जाते हैं क्योंकि उनकी क्वालिटी भी बहुत ही कमजोर एवं घटिया होती है स्थानीय लोगों का कहना है जिस प्रकार लगातार बिजली के दाम बढ़ाए जा रहे हैं इसी प्रकार लोगों की सेवा का भी ध्यान देना चाहिए लेकिन शासन प्रशासन तथा विभाग की मनमानी जारी है लगातार बिजली कटौती से आम जनमानस परेशान है।

**जिम्मेदारी व कार्यप्रणाली को लेकर सीधा सवाल आखिरकार बीटगार्ड से लेकर संबंधित जिम्मेदारों के दायित्वों को लेकर उठने लगे प्रश्न**

# पन्ना टाइगर रिजर्व में अब टाइगर की मौत पर भी 15-20 दिन तक विभाग को नहीं लगती भनक

**पन्ना।** विगत दिवस पन्ना टाइगर रिजर्व में जहां घटना पन्ना टाइगर रिजर्व के गंगऊ अभ्यारण अंतर्गत आने वाली कटरिया बीट के वन कक्ष क्रमांक पी-278 की है जहां टाइगर की मौत लगभग 15-20 दिन बीत जाने के बाद चर्चा में आती है विभाग को कैसे सूचना मिली यह तो विभाग ही जाने पर टाइगर की मौत हो जाने के बाद अगर 15-20 दिन बीत जाते है तो वहीं इस घटना ने पन्ना टाइगर रिजर्व की कार्यप्रणाली को लेकर सीधे प्रश्न खड़े कर दिये है





आखिरकार टाइगर की मॉनीटरिंग को लेकर किसकी जिम्मेदारी और यह घटना घटित हो जाने के बाद 20 दिन तक अगर विभाग अंजान बना रहता है तो इसको लेकर क्या माना जाये। क्या संबंधित बीटगार्ड या जिन जिम्मेदारों को टाइगर की मॉनीटरिंग को लेकर जिम्मेदारी सौंपी जाती है कैसा दायित्व निभाया जा रहा है जहां 20-20 दिनों तक टाइगर की मौत हो जाने के बाद विभाग को खबर नहीं लगती टाइगर के शव से छाया चित्र ही बयां कर रहे है सूखा हुआ कंकाल वहीं सूत्रों की मानें तो टाइगर की मौत को लेकर जानकारों का कहना है कि कहीं न कहीं जो टाइगर अपनी टेरी टोरी बनाने को लेकर साम्राज्य कायम करते है उसी साम्राज्य को लेकर दूसरे टाइगर से भिडंत के कारण कई बार आपसी जंग में टाइगर किसको नुकसान पहुंचता है यह कहानी सामने आती है पर यहां तो अब कयास ही लगाये जा सकते है। टाइगर की मौत को लेकर 15-20 दिन बीत जाने के बाद जहां शव को छत-विछत रूप में सूखे कंकाल को समेटा गया अब देखना यह है कि विभाग अपनी रिपोर्ट कब तक इस घटना के संबंध में सामने लायेगा आखिर टाइगर की मौत का कारण क्या है? पन्ना टाइगर रिजर्व में जहां बाघ की सुरक्षा को लेकर ही विभाग अंजान बना है आखिरकार क्या होगी दास्तां यह तो सहज ही इस घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है। आग इस घटना को लेकर अब कैसे विभाग अपने आप अपनी कार्य प्रणाली को सामने लायेगा। कैसे टाइगर की मौत हुई कब बतायेगा यह तो जिम्मेदार ही जानें।

## ग्राम बरगड़ीखुर्द में पानी चौपाल सह कार्यशाला का आयोजन

**पन्ना।**

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा बुधवार को पन्ना विकासखंड के ग्राम बरगड़ीखुर्द में पानी चौपाल सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने कार्यशाला का शुभारंभ कर अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनरूद्धार की सभी ग्रामवासियों की सामूहिक जिम्मेवारी है। हमें कल के जल के लिए आज से ही पानी सहेजने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कृषकों से उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि पानी की प्रत्येक बूंद उपयोगी है। इसलिए इसे बचाना अतिआवश्यक है। उपस्थित किसानों को उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित टपक सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई योजना तथा इसमें मिलने वाले अनुदान की जानकारी भी दी गई। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संजीत सिंह बागरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह एवं निधि बागरी, ग्राम पंचायत सरपंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आजीविका समूह की महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

**कृषक के खेत का किया भ्रमण**

कार्यशाला पश्चात अधिकारियों द्वारा ग्राम के प्रगतिशील कृषक कवि कुमार मिश्रा के खेत का भ्रमण भी किया गया। कृषक द्वारा ड्रिप मल्चिंग पद्धति से 8 एकड़ में तरबूज, खरबूज एवं खीरा का रोपण किया गया है। साथ ही खेत में ड्रिप सिंचाई प्लास्टिक मल्चिंग, येलो ट्रेप एवं फेरोमोन ट्रेप तथा ब्लू ट्रेप फर्टिगेस पद्धति से पोषक तत्वों का समुचित प्रबंधन भी किया जा रहा है।

## नितिन गैस एजेंसी गुन्नौर की तानाशाही: 14 अप्रैल से सिलेंडरों पर लगा अघोषित प्रतिबंध, जनता बेहाल

**गुनौर।** पन्ना जिले के गुन्नौर में नितिन भ्च गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। भीषण गर्मी और 40 डिग्री से ऊपर के तापमान के बीच, गुन्नौर तहसील की जनता रसोई गैस के एक-एक सिलेंडर के लिए तरस रही है। बीते 14 अप्रैल से एजेंसी ने सप्लाई रोक रखी है, जिसके कारण क्षेत्र के हजारों परिवारों के सामने भोजन पकाने का संकट खड़ा हो गया है। आसमान से बरसती आग और चिलचिलाती धूप के बीच, ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले उपभोक्ता नितिन एचपी गैस एजेंसी के चक्कर लगा-लगाकर थक चुके हैं। 20 से 30 किलोमीटर का सफर तय कर एजेंसी पहुँचने वाले ग्रामीणों को राहत के बजाय बदसलूकी और खाली गोदाम मिल रहा है। पसीने से लथपथ उपभोक्ता बिना सिलेंडर लिए वापस लौटने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि नितिन एचपी गैस एजेंसी ऑनलाइन बुकिंग और सरकारी नियमों को ताक पर रखकर काम कर रही है 14 अप्रैल से




पहले की गई बुकिंग पर आज तक कोई डिलीवरी नहीं हुई। पूछने पर एजेंसी कर्मियों द्वारा कभी श्सर्वर फेलश तो कभी श्गाड़ी नहीं आनेश का बहाना बनाकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है जनता में यह सुगबुगाहट तेज है कि कहीं सिलेंडरों की कृत्रिम कमी दिखाकर इन्हें ऊंचे दामों पर ब्लैक में तो नहीं बेचा जा रहा। नितिन गैस एजेंसी की इस मनमानी ने उज्ज्वला योजना के दावों की हवा निकाल दी है। मजबूरन महिलाएं फिर से धुएं और लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने को विवश हैं। महंगाई के दौर में यह किल्लत गरीबों के पेट पर लात मारने जैसी है। ष्नितिन गैस एजेंसी के चक्कर काटते-काटते चप्पलें घिस गईं, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। अधिकारी सुनते नहीं और एजेंसी वाले जवाब नहीं देते। हम गरीब आखिर कहाँ जाएं एक व्यथित उपभोक्ता, गुन्नौर चक्काजाम की चेतावनी गुन्नौर के जागरूक नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है। यदि 24 घंटे के अंदर नितिन एचपी गैस एजेंसी की सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो कलेक्टर पन्ना का घेराव किया जाएगा और गुन्नौर के मुख्य मार्गों पर चक्काजाम कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। क्या पन्ना खाद्य विभाग और जिला प्रशासन को इस ष्नितिन एचपी गैस एजेंसीष की मनमानी की भनक नहीं है? 14 अप्रैल से अब तक स्टॉक रजिस्टर की जांच क्यों नहीं की गई? आखिर किसके संरक्षण में उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है।

**वृक्ष लगाओ, धरती को बचाओ, ब्रह्माकुमारी**




### प्रकृति का मत करो शोषण, इससे होता हमारा पोषण ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर माधव पैरामेडिकल कॉलेज पन्ना में एक जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा पर्यावरण रक्षा हेतु प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी सीता दीदी ने अपने उद्बोधन में अध्यात्म और प्रकृति का समन्वय बताते हुए कहां की अर्थ डे का बड़ा ही गहन अर्थ है इसके लिए हम धरती का सम्मान करते रहें एवं सदा शुक्रगुजार होना चाहिए धरती को माँ कहा जाता है इससे हमें जीवन मिला हम सब की पालना होती है धरती से ही हमारे जल भोजन आदि की व्यवस्था होती है हम सबका कर्तव्य धरती की हरियाली को बचाना वातावरण को दूषित करने में हमारे मन के विचारों का भी प्रभाव पड़ता है इसलिए सुंदर सोचने से ही धरती भी हरी-भरी बन जाएगी शुद्ध विचारों से आत्मा को शुद्ध बनाकर सबसे बड़ी बचत कर सकते हैं आज सभी को मानसिक शुद्धता की आवश्यकता है जैसे हम होंगे वैसे ही पृथ्वी का भविष्य होगा तो सभी प्रतिज्ञा करें कि हम अपने विचारों को शुद्ध रखेंगे सभी के लिए शुभकामना,शुभभामना रखेंगे तब ही पृथ्वी दिवस मनाना सफल होगा, हम इसके लिए रोज कुछ समय मेडिटेशन ध्यान करके पृथ्वी को शुद्ध पवित्र संकल्पों के प्रकंपन देकर पृथ्वी को शुद्ध शक्तिशाली बना सकते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माधव ग्रुप की टीम लीडर शेरिन फेलिक्स द्वारा की गई,कार्यक्रम में माधव ग्रुप के सीईओ अभिषेक श्रीवास्तव,संस्था के प्रतिनिधि आशीष, दिव्यांशु जितेंद्र सिंह कविता मालवीय, शैलेंद्र सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना रहा।

## हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर पन्ना में पृथ्वी दिवस पर चला स्वच्छता अभियान

**पन्ना।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर लास्ट वाइल्डरनेस फाउंडेशन (स्थ्), मुंबई द्वारा बाघिन नदी एवं बृहस्पति कुंड परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। संस्था पिछले कई वर्षों से पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए कार्यरत है। अभियान के दौरान करीब 30-35 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस पहल में स्थ् के ग्राम रक्षक, स्थानीय स्वयंसेवक तथा वन विभाग के बीट गार्ड पवन सिंह, नीरज गुप्ता, वनपाल रामौतार एवं क्षेत्र समन्वयक संदीप यादव शामिल रहे। अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, ताकि आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके।





**साहब को फोन उठाने की फुरसत नहीं! सबसे शर्मनाक स्थिति यह**

## नगर परिषद गुनौर में अंधेरगर्दी, सौरभ श्रीवास्तव की तानाशाही से जनता त्रस्त, भ्रष्टाचार का बोलबाला

**गुनौर।** नगर परिषद गुनौर इन दिनों विकास की बयार के लिए नहीं, बल्कि प्रशासनिक अराजकता और अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण सुर्खियों में है। परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (ब्डव्) सौरभ श्रीवास्तव के कार्यकाल में नगर परिषद श्मनमानी का अड्डाश बन चुकी है, जहाँ जनसुनवाई के बजाय फाइलों की श्सेटिंगश को प्राथमिकता दी जा रही है।

नगर परिषद कार्यालय के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। आम नागरिक अपनी जायज शिकायतों और छोटी-मोटी फाइलों के लिए हफ्तों से दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन बिना ष्सुविधा शुल्कष या ऊँची पहुँच के कोई भी काम आगे नहीं बढ़ रहा है। सूत्रों का दावा है कि निचले स्तर के कर्मचारियों से लेकर आला अधिकारियों तक की मिलीभगत से सरकारी नियमों को ताक पर रखकर बंदरबांट की जा रही है। साहब को फोन उठाने की फुरसत नहीं! सबसे शर्मनाक स्थिति यह है कि जनता के सेवक कहलाने वाले ब्डव् सौरभ श्रीवास्तव ने आम जनता और जनप्रतिनिधियों से दूरी बना ली है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ब्डव् साहब कभी फोन रिसीव नहीं करते। जब जिम्मेदार अधिकारी ही संवाद के लिए उपलब्ध नहीं होगा, तो व्यवस्था में




सुधार की उम्मीद किससे की जाए ऑफिस से नदारद कर्मचारी, जिम्मेदार मौन हालिया निरीक्षण के दौरान कार्यालय की पोल खुल गई। दफ्तर में समय पर कर्मचारियों का न मिलना अब आम बात हो गई है। जब इस अव्यवस्था पर इंजीनियर देवेंद्र सोनी से उनका पक्ष (वर्जन) जानने की कोशिश की गई, तो उन्होंने साफ तौर पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। ऑफिस में कर्मचारियों की अनुपस्थिति और जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी साफ इशारा करती है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है।नगर में चल रहे विकास कार्यों में दोयम दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। सरकारी दफ्तर अब कर्मचारियों की सुविधानुसार खुलते और बंद होते हैं। सवालों से बचने के लिए अधिकारी वर्जन देने तक से बच रहे हैं।

### उच्च स्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई

गुनौर की जनता अब इस ष्अंधेरगर्दीष को और बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। स्थानीय निवासियों ने जिला कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि नगर परिषद के कामकाज की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच हो। लापरवाह ब्डव् सौरभ श्रीवास्तव और कार्य में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन इस खबर का संज्ञान लेकर गुनौर की जनता को भ्रष्टाचार के इस दलदल से बाहर निकालेगा, या फिर रसूखदार अधिकारियों की तानाशाही यूँ ही जारी रहेगी?

**कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं को दिए सफलता के टिप्स**

## शासकीय सांदीपनि मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना में जिला स्तरीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को बेहतर कैरियर के निर्माण एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को शहर के बायपास रोड स्थित शासकीय सांदीपनि मॉडल उ.मा. विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आत्मविश्वास के साथ एवं अपने रूचि के विषय में हुनर बढ़ाकर आगे बढ़ने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी सहित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा विषय एवं संकाय चयन तथा बेहतर उच्च शिक्षा अर्जित करने के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

जिला स्तरीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शक की भूमिका में विद्यार्थियों को आवश्यक एवं उपयोगी सलाह दी गई। कैरियर काउंसलिंग के दौरान छात्र-छात्राओं ने उचित कैरियर निर्माण विषयक नाटक का आकर्षक



मंचन भी किया। जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सही विषयों का चयन कर सभी बच्चे बेहतर अध्ययन एवं परिश्रम पर ध्यान दें। माता-पिता का विश्वास भी जीतें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विषय एवं संकाय में आगे बढ़ने के समान एवं पर्याप्त अवसर हैं। केवल अपनी प्रतिभा और हुनर को निखारने की आवश्यकता है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अलावा ललित कला और कृषि जैसे विषयों की पढ़ाई कर भी बेहतर कैरियर का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने सभी बच्चों को पढ़ाई में नवीनतम तकनीक का उपयोग करने, बेसिक इंग्लिश सीखने तथा आवश्यकतानुसार बैकअप प्लॉन बनाने की सलाह भी दी। इसके अलावा किसी भी स्थिति में अन्य बच्चों से प्रतिस्पर्धा न करने तथा स्वयं को कमतर आंकने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने की बात भी कही।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी परीक्षा में सफलता के लिए विषय पर पकड़ जरूरी है। पाठ्यक्रम अनुसार पढ़ाई कर एवं गत वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल करने से काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए सही मार्गदर्शन और परिश्रम की आवश्यकता है। चरणबद्ध तरीके से किसी भी परीक्षा की तैयारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अध्ययन की निरंतरता बनाएं रखें और रटने की बजाए विषय को समझने पर ध्यान केन्द्रित करें। साथ ही स्वयं के प्रयास पर चिंतन करना भी जरूरी है। दिशाहीन परिश्रम सफलता की राह में बाधक है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि न केवल यूपीएससी बल्कि अपनी क्षमता मुताबिक प्रत्येक क्षेत्र में कैरियर बनाना संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने की अपील भी की। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रिवीजन एवं नोट्स तैयार करने की महत्ता से भी अवगत कराया गया एवं संकल्पबद्ध एवं अनुशासित रहकर उत्सुकता बनाए रखने के लिए भी कहा। बच्चों को शिक्षक के सतत संपर्क में रहकर अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को कौशल विकास एवं छात्रवृत्ति योजनाओं सहित शासन स्तर से प्राप्त होने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम संजय कुमार नागवंशी सहित जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, जिला शिक्षा अधिकारी अमित जैन, जिला संयोजक जयप्रताप भदौरिया, प्राचार्य रंजना खरे एवं उमेश तिवारी, भारती श्रीवास्तव, जिला व्यवसायिक समन्वयक पुष्पराज सिंह भी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक चालक का संतुलित होकर गिरा

**अमानगंज पन्ना बाईपास सड़क मार्ग पर घटी घटना**

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर में सड़क दुर्घटनाओं का दौर लगातार तेजी से जारी है चार और सड़क दुर्घटनाएं असंतुलित वाहन चलाने की स्थिति में या फिर नशे की स्थिति में वाहन चलाने की वजह से घटित हो रही है आज प्रातः काल एक तेज रफ्तार बाइक चालक पन्ना अमानगंज बाईपास सड़क मार्ग से सीधा किशनगढ़ छतरपुर की ओर रवाना हो रहा था कि अचानक असंतुलित होकर जा गिरा इस घटना में उसे कई स्थानों पर गंभीर चोटे आई घटना की सूचना राहगीरों के माध्यम से 112 पुलिस को दी गई जो मौके पर पहुंची पायलट हरिलाल पटेल और आरक्षक मुनेंद्र सिंह जाटव के सहयोग से प्राथमिक उपचार के लिए अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घायल बाइक चालक को दाखिल कराया गया बाइक चालक का नाम कैलाश रजक बताया जा रहा है जो किशनगढ़ का निवासी है अपनी बहन के यहां शादी में गया था और वापस अपने गांव जा रहा था रास्ते में जहां-जगह घटना घटित हो गई।





## खबर संक्षेप




### टोरिया मोहल्ले में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 6, टोरिया मोहल्ले में एक युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। यहाँ रहने वाले सोहनलाल अहिरवार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों की उपस्थिति में आज जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### दूल्हे की गाड़ी ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**छतरपुर।** जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सूरजपुरा में एक खुशी का माहौल उस वक्त मातम में बदल गया, जब दूल्हे की गाड़ी (मोरकार) की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छोटा वंशकार (70 वर्ष), पिता करिया वंशकार, निवासी बड़ामलहरा, अपने भांजे की बारात में शामिल होने के लिए ग्राम मातगुवां से सूरजपुरा गए थे। बारात के दौरान वह पैदल चल रहे थे, तभी दूल्हे के लिए सजी मोरकार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद घायल बुजुर्ग को आनन-फानन में बड़ामलहरा अस्पताल ले जाया गया। वहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रिफर कर दिया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भारतीय रेल स्थापना के 173 वर्ष पूर्ण होने पर समाज सेवियों द्वारा रेलगाड़ी पर की गई पुष्पवर्षा



**छतरपुर।** भारतीय रेलवे के 173 वें स्थापना दिवस पर शहर के समाजसेवियों द्वारा महाराजा छत्रसाल रेलवे स्टेशन पहुँचकर गीतांजलि रेलगाड़ी पर पुष्पवर्षा कर गाड़ी चालक पायलट, वाणिज्य इंस्पेक्टर स्वतंत्र पाटकर, स्टेशन मास्टर राजकुमार एवं पंकज खरे सहित समस्त रेलवे स्टाफ का पुष्प माला तथा अंगवस्त्र से सम्मानित कर मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया गया।

इस अवसर पर समाज सेवी शंकर लाल सोनी चरण पादुका समिति स्वतंत्रता संग्राम सैनानी उत्तराधिकारी संगठन, पंकज जैन मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान, अधिवक्ता आनन्द शर्मा, आर पी कुरील प्रमुख पेंशनर्स एशोसिएशन तथा हरप्रसाद सिविल सोसाइटी के सदस्य उपस्थित रहे। समाजसेवी शंकरलाल सोनी ने रेलवे के द्वारा राष्ट्र निर्माण में रेलवे के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए रेलवे कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तो वहीं पंकज जैन ने भाप के इंजन से शुरू हुए सफर से वंदेभारत जैसी ट्रेनों के सफलता पूर्वक संचालन के लिए रेलवे को शुभकामनाएं दी।

# क्रेशर खदान से डीजल चोरी करने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, 3 ड्रम डीजल बरामद

## आरोपी कल्लू पर लूट, अवैध हथियार और मारपीट के मामले पूर्व से दर्ज



**छतरपुर।** लवकुशनगर पुलिस अनुविभाग अंतर्गत थाना जुझारनगर के ग्राम दिदवारा अंतर्गत 5 दिन पहले श्रेया नम्बर 2 क्रेशर खदान से डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 ड्रम डीजल बरामद किया है। एक आरोपी कल्लू प्रजापति पर लूट अवैध हथियार मारपीट के मामले पहले से दर्ज है। घटना की रिपोर्ट श्रेया नम्बर 2 क्रेशर खदान के मुनीम भूपेन्द्र पाठक द्वारा थाना जुझारनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की गई और मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपियों कल्लू उर्फ बउआ प्रजापति पिता तेजबा प्रजापति, रामशरण अहिरवार पिता परमलाल अहिरवार, मंगल प्रजापति पिता रामस्वरूप प्रजापति सभी निवासी दिदवारा थाना जुझारनगर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो को न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है। इस कार्यवाही में एसडीओपी लवकुशनगर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजकुमार यादव,एसआई विनोद सिंह प्रधान आरक्षक नरेश कुमार, आरक्षक शुभम सेन, विपिन प्रजापति राममुर्ति सिंह, उमेश बर्मा का सहयोग रहा।

### दो साल पुराने मामले में ईनामी आरोपी पकड़ा -

थाना चंदला पुलिस ने 2 साल पुराने मारपीट एवं एससीएसटीएक्ट के मामले में फरार चल रहे दो हजार के ईनामी आरोपी पकुआ उर्फ छोटे प्रजापति निवासी छपरा थाना चंदला को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। इस कार्यवाही में टीआई श्रद्धा शुक्ला, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक छोटेलाल अहिरवार, शुभम मिश्रा, बलवीर सिंह का सहयोग रहा।

## महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का उग्र प्रदर्शन

# पुलिस की बैरिकेडिंग लांघने की कोशिश सिर पर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



**छतरपुर। संसद में महिला आरक्षण बिल के पारित न होने को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने केंद्र की विपक्षी राजनीति और विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को छतरपुर के प्रमुख छत्रसाल चौक पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सिर पर काली पट्टी बांधकर जोरदार नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला दहन किया।**

आंदोलन की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही छत्रसाल चौक पर भारी पुलिस बल तैनात किया था। पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी झड़प देखने को मिली। प्रदर्शनकारी पुतला दहन के लिए आगे बढ़ने पर अड़ी रहीं, जबकि पुलिस उन्हें रोकने का प्रयास करती रही। काफी जद्दोजहद के बाद कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पुतले को आग के हवाले किया। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी की नकारात्मक राजनीति के कारण महिला आरक्षण बिल में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के प्रति गंभीर नहीं है। काली पट्टी बांधना इस बात का प्रतीक है कि महिलाएं अब अपना हक छीनकर लेंगी। संसद में बिल पास न होने तक यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।



### छतरपुर के सुभाष अहिरवार का मुंबई में जलवा, 8 मई को रिलीज होगी फिल्म 'इंडियन इंस्टिट्यूट जॉम्बीज

**छतरपुर।** जिले के छोटे से गांव पिपट के रहने वाले सुभाष अहिरवार अब मायानगरी मुंबई में अपनी पहचान बना रहे हैं। रंगमंच से अभिनय की शुरुआत करने वाले सुभाष ने छतरपुर और भोपाल में कई वर्षों तक थिएटर किया और इसी दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से अभिनय की पढ़ाई भी की। इसके बाद वे दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने श्री राम सेंटर रेपर्टरी में काम करते हुए अपने अभिनय को और निखारा।

लगातार मेहनत और संघर्ष के बाद सुभाष पिछले दो वर्षों से मुंबई में सक्रिय हैं, जहां उन्होंने फिल्मों और वेबसीरीज में काम किया है। उनकी कई परियोजनाएं जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। इसी कड़ी में उनकी एक प्रमुख फिल्म 'इंडियन इंस्टिट्यूट जॉम्बीज 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में मशहूर कॉमेडियन जॉनी लीवर के बेटे जेस्सी लीवर नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण लो ग्रेविटी प्रोटेक्शन हाउस ने किया है, जबकि निर्देशन गगनजीत और आलोक द्विवेदी ने किया है। सुभाष अहिरवार की इस उपलब्धि से छतरपुर जिले में खुशी का माहौल है और क्षेत्र के युवाओं को भी उनसे प्रेरणा मिल रही है।

### संविदा श्रमिकों के नियोजन हेतु प्रिंसिपल एम्प्लॉयर पंजीयन अनिवार्य

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश शासन के श्रम विभाग द्वारा समस्त शासकीय विभागों, मंडलों, निगमों एवं अन्य संस्थाओं को संविदा श्रमिकों के नियोजन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ठेकेदारों अथवा आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्य कराने वाली सभी संस्थाओं को प्रिंसिपल एम्प्लॉयर के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

यह प्रावधान संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 की धारा 7 के अंतर्गत लागू है। इसके साथ ही व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य-दशा संहिता, 2020 की धारा 47 से 50 के तहत भी ठेका श्रमिकों के नियोजन एवं पंजीयन से जुड़े नियमों का पालन करना आवश्यक है।

श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध पंजीयन के किसी भी प्रकार से ठेका श्रमिकों का नियोजन नहीं किया जाए। सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें और श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित नियोक्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अंत में, सभी विभागों, निगमों एवं मंडलों से अपेक्षा की गई है कि वे श्रम कानूनों का पूर्णतः पालन करें और आवश्यकता पडने पर संबंधित क्षेत्रीय श्रम कार्यालय से मार्गदर्शन एवं सहायता प्राप्त करें।

# छतरपुर के कन्या महाविद्यालय में पीजी पाठ्यक्रम और नए पदों की मांग तेज



**छतरपुर।** शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय, छतरपुर में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम शुरू करने और नए पदों की स्वीकृति को लेकर छात्राओं की मांग अब तेज होती जा रही है। जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय में लगातार बढ़ती छात्र संख्या और नई शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के बीच छात्राओं एवं विभिन्न संगठनों ने कई बार महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग दोहराई है। महाविद्यालय प्रशासन ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश शासन को कई बार पत्र लिखे हैं। इन पत्रों में समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राणीशास्त्र, रसायनशास्त्र और वनस्पति शास्त्र जैसे विषयों में पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने तथा नए पदों की स्वीकृति देने का आग्रह किया गया है। वर्तमान में महाविद्यालय में केवल दो विषयों में ही स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित हो रही हैं, जिससे अन्य विषयों की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है। महाविद्यालय में वर्ष 1982 से अब तक छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ी है, लेकिन इसके अनुपात में शैक्षणिक स्टाफ में वृद्धि नहीं हो पाई है। कई विषयों में हजारों छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिसके कारण सीमित शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है और शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इसी स्थिति को देखते हुए महाविद्यालय ने कुल 25 नए पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को भेजा है, ताकि शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके और छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। इस पूरे मामले में अब राजनीतिक इच्छा शक्ति की आवश्यकता भी सामने आ रही है। छात्राओं और सामाजिक संगठनों का कहना है कि यदि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय लिया जाता है, तो जिले की हजारों छात्राओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। महाविद्यालय की प्राचार्य ने भी शासन से जल्द निर्णय लेने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि पीजी पाठ्यक्रमों का विस्तार और नए पदों की स्वीकृति मिलती है, तो छात्राओं को अपने ही जिले में बेहतर उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध होंगे और शिक्षा का स्तर भी मजबूत होगा।

## 108 एम्बुलेंस बनी 'आशिकी' का अड्डा !

# छात्रा को बैठाकर सायरन बजाते भाग रहा था चालक, वीडियो वायरल



**छतरपुर** में आपातकालीन सेवा मानी जाने वाली 108 एम्बुलेंस एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। मामला तब सामने आया जब सायरन बजाते हुए दौड़ रही एम्बुलेंस में कोई मरीज नहीं, बल्कि एक कॉलेज छात्रा बैठी हुई मिली। जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस चालक ने निजी काम के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल करते हुए छात्रा को बैठाकर ले जा रहा था, जिससे पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

घटना के दौरान एक स्थानीय पत्रकार की नजर एम्बुलेंस के अंदर बैठी लड़की पर पड़ी, जिससे उन्हें शक हुआ। इसके बाद पत्रकार ने तुरंत बाइक से एम्बुलेंस का पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे रुकवा लिया। जब चालक से पूछताछ की गई तो वह घबरा गया और सफाई देते हुए छात्रा को अपनी बहन बताया, लेकिन वह उसका नाम तक नहीं बता सका। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो मौके पर ही रिकॉर्ड कर लिया गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। आम जनता का कहना है कि जब गंभीर मरीजों को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिल पाती, तब इस तरह का दुरुपयोग बेहद चिंताजनक है। यह न सिर्फ सेवा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है, बल्कि आपातकालीन व्यवस्था की निगरानी पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

इस मामले में सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए 108 एम्बुलेंस सेवा के जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र भेजकर जवाब तलब किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के बाद यदि चालक दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नौगांव में माझी समाज का प्रदर्शन, ओबीसी में स्थान और मछली पालन अधिकार की उठाई मांग




**नौगांव/छतरपुर।** जिले के नौगांव में मंगलवार दोपहर माझी जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले करीब एक सैकड़ा लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बस स्टैंड के पास एकत्रित होकर प्रदर्शनकारियों ने पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए अनुभागीय कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

इस प्रदर्शन में सानिया, लुगासी, माधोपुर, छतरपुर, चिरवारी और नौगांव सहित आसपास के क्षेत्रों से माझी, रैकवार, मल्लाह और केवट समाज के करीब 12 समूहों के लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई और प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचाई। समिति के सदस्यों का कहना है कि उनकी जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है, जिससे समाज के विकास में बाधा आ रही है। उन्होंने मांग की कि उन्हें ओबीसी के खंड-29 में शामिल किया जाए ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं और आरक्षण का पूरा लाभ मिल सके। इसके साथ ही मछुआरा समाज से जुड़े लोगों ने तालाबों और मछली पालन के अधिकार को लेकर भी अपनी बात रखी। उनका कहना है कि मछली पालन उनका पारंपरिक व्यवसाय है, इसलिए इसका अधिकार केवल मछुआ समिति को ही दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था में उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है और सरकार इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है। समिति ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान मछुआ समिति के जिला अध्यक्ष सहित नगर और ब्लॉक स्तर के कई पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# डेढ़ घंटे से जाम, चारों ओर रास्ते बंद



**छतरपुर।** शहर के हाट एक बार फिर अव्यवस्था और अतिक्रमण के कारण आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया। बीते करीब डेढ़ घंटे से हाट क्षेत्र में भीषण जाम की स्थिति बनी रही, जिससे शहर के कई प्रमुख मार्ग पूरी तरह ठप हो गए। बकायन मार्ग, पठापुर रोड, सीताराम कॉलोनी, फौलादी कलम, शिव कॉलोनी और बालाजी पुरम सहित आसपास के इलाकों में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

हालात इतने बिगड़ गए कि आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती नजर आईं। मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में कठिनाई होने लगी, जिससे लोगों में चिंता और आक्रोश दोनों देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर मंगलवार को यही स्थिति बनती है, और अगर किसी की तबीयत अचानक खराब हो जाए तो समय पर अस्पताल पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। हाट बाजार में दुकानदारों द्वारा सड़क तक अतिक्रमण कर दुकानें लगाने और अव्यवस्थित ढंग से व्यापार करने को जाम की मुख्य वजह बताया जा रहा है। इसके अलावा रेत से भरे अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली और सड़कों पर बेतरतीब चल रही टैक्सियों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी रहती है। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। हर सप्ताह दोहराई जाने वाली इस स्थिति से स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मंगलवार हाट की व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जाए, अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई हो और यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाकर इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि शहरवासियों को इस जाम से राहत मिल सके।



# गांव की सूरत बदलने वाले धर्मेंद्र अब कराएंगे 11 गरीब बेटियों का विवाह

**नौगांव/छतरपुर।** डॉ. धर्मेंद्र लटोरिया के नेतृत्व में सूरज हीरा फाउंडेशन द्वारा 14 मई 2026 को 11 गरीब एवं यतीम बच्चियों का सामूहिक विवाह आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. लटोरिया ने इस पहल की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का उद्देश्य सिर्फ विवाह कराना नहीं, बल्कि बेटियों को एक सम्मानजनक और सशक्त जीवन की शुरुआत देना है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक चयनित बेटी को करीब ढाई लाख रुपये तक की गृहस्थी सामग्री प्रदान की जाएगी, जिसमें बाइक, फ्रिज, टीवी, कूलर, अलमारी, बक्सा, बेड, सोफा सेट, ड्रेसिंग टेबल, डाइनिंग टेबल और मंगलसूत्र सहित अन्य आवश्यक घरेलू सामान शामिल रहेगा। यह सहयोग उन परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का विवाह करने में असमर्थ रहते हैं। डॉ. लटोरिया ने यह भी घोषणा की कि 12वीं पास छात्रों को 51 हजार रुपये और स्कूटी दी जाएगी, ताकि शिक्षा को बढ़ावा मिल सके। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि अब तक वे गुजरात सहित विभिन्न राज्यों में करीब 1 हजार बेटियों के विवाह में सहयोग कर चुके हैं, लेकिन इस बार अपने जन्मस्थल पर यह आयोजन विशेष रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में सामर्थ्य रही तो और अधिक बेटियों के विवाह कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि समाज में जरूरतमंद परिवारों को निरंतर सहयोग मिलता रहे।

# पटवारी पर घूसखोरी के गंभीर आरोपः नामांतरण के लिए प्रति रजिस्ट्री 10 हजार की मांग, किसानों में आक्रोश



**छतरपुर।** जिले की तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूरजपुरा वीरान में एक हल्का पटवारी पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने पटवारी हारून अहमद पर नामांतरण की प्रक्रिया में अवैध वसूली करने और काम में जानबूझकर बाधा डालने का आरोप लगाया है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने खसरा नंबर 58/1 स्थित भूमि के अंश का विधिवत क्रय किया है और नामांतरण के लिए नायब तहसीलदार, मंडल सौरा के न्यायालय में आवेदन भी प्रस्तुत कर दिया है। बावजूद इसके आरोप है कि संबंधित पटवारी हर रजिस्ट्री पर 10-10 हजार रुपये की मांग कर रहा है। किसानों का कहना है कि यदि रिश्वत नहीं दी जाती, तो पटवारी यह कहकर काम रोक देता है कि संबंधित भूमि वन विभाग की है और उसका प्रतिवेदन नहीं लगाया जाएगा।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पटवारी खुद को पटवारी संघ का अध्यक्ष बताते हुए अधिकारियों पर दबाव बनाने और कार्रवाई से बचने की धमकी देता है। इतना ही नहीं, कुछ ग्रामीणों का दावा है कि वह खुले तौर पर कहता है कि कलेक्टर मेरी मु_ी में है, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जिससे आम लोगों में भय का माहौल बन गया है।

मामले में यह भी सामने आया है कि पटवारी द्वारा किसानों की केवाईसी और फार्मर आईडी बनाने जैसे जरूरी कार्य भी नहीं किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि केवल वही काम किए जाते हैं जिनमें उसे आर्थिक लाभ होता है, जबकि अन्य जरूरी राजस्व कार्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी संबंधित पटवारी के व्यवहार को लेकर शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस बार ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई है, ताकि राजस्व व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और किसानों को राहत मिल सके।

### श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन हेतु श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम लागू

**छतरपुर।** श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य के श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम लागू किया गया है। यह प्रणाली श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों के लिए शुरू की गई है।

यह एक स्व-मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित प्रणाली है, जिसके अंतर्गत संस्थानों द्वारा स्वयं प्रदान की गई जानकारी के आधार पर उनके श्रम कानूनों के अनुपालन स्तर का मूल्यांकन किया जाता है और उन्हें उसी अनुसार स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है। इस नई व्यवस्था से श्रम कानूनों के पालन को बढ़ावा मिलने के साथ ही अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाया गया है। इसके सकारात्मक प्रभाव स्वरूप कार्यस्थलों पर कार्य-संस्कृति में सुधार हो रहा है, श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ रहा है तथा संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।



# निर्धन बेटी के विवाह में की मदद, मंदिर में बांटा सत्तू

## लीनेस क्लब की पदाधिकारियों की अनुकरणीय पहल

**छतरपुर।** लीनेस क्लब की पदाधिकारियों ने एक गरीब कन्या के विवाह के लिए उपहार सामग्री प्रदान की तो वहीं मंदिर में जाकर भगवान के प्रसाद के लिए सत्तू और अन्य शीतल खाद्य सामग्री का वितरण कर समाज में अनुकरणीय पहल की है। लीनेस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस मंगला सिंघई, एरिया ऑफिसर अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में निर्धन कन्या के विवाह में उपहार सामग्री भेंट की। श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि शुक्लाना मोहल्ला राम गली बजरिया निवासी एक खरे परिवार की एक निर्धन कन्या का विवाह प्रयागराज में हुआ है। उस कन्या के घर पहुंचकर लीनेस पदाधिकारियों ने उपहार सामग्री भेंट की। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल, सचिव मानसी अग्रवाल, डायरेक्टर कल्पना चौधरी, अनीता अग्रवाल, अर्चना बृजपुरिया, संगीता सेठ एवं अन्य लीनेस बहनें उपस्थिति रहीं। इसी तरह आखा तीज के उपलक्ष्य में श्री मोटे के महावीर मंदिर में गर्मी से बचाव के लिए 10 किलो सत्तू, 6 किलो शक्कर, कच्चे आम का शरबत 20 किलो, छाछ गुलाब शर्बत एवं पके आम का वितरण किया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल, सचिव मानसी अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, अर्चना बृजपुरिया, नीलम अग्रवाल, रुक्मिणी अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, प्राची बिलैया, किरण बृजपुरिया, सुनीता अशोक अग्रवाल, माला अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रुक्मिणी अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, शिवानी चौरसिया, ज्योति अग्रवाल, रजनी रावत एवं अन्य लीनेस बहनें मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 5769.35 मीट्रिक टन हुई गेंहू की खरीद, कलेक्टर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से उपार्जन की समीक्षा की

**रीवा** । किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 1904 किसानों से 5769.35 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण व निगरानी करें। उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दिशा निर्देशानुसार निर्धारित गेंहू की मात्रा बोरे में भरी जाय तथा गुणवत्ता पूर्ण गेंहू का उपार्जन किया जाय। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि सीमावर्ती राज्य से किसी भी स्थिति में उपार्जन के लिए गेंहू की आवक न हो इस पर कड़ी निगरानी रखी जाय। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना तथा किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने उपार्जित गेंहू के समुचित भण्डारण व परिवहन के भी निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम सहित राजस्व विभाग का अमला व उपार्जन कार्य में संलग्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी पूरी सजगकता के साथ उपार्जन कार्य संपादित करायें। जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 12616 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिले में 76 खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है।

### विदेश में पढ़ाई के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**रीवा** । जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विदेश में उच्च शिक्षा के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दे रहा है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि पूरे प्रदेश से 50 विद्यार्थियों का चयन विदेशों में स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि के लिए किया जाता है। राज्य शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा शोध उपाधि प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जनजाति के जो पात्र विद्यार्थी विदेश में किसी मान्य विश्वविद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो उन्हें छात्रवृत्ति के रूप में यूनिवर्सिटी की फीस की वास्तविक व्यय राशि अथवा 40 हजार अमेरिकन डॉलर इनमें से जो कम हो दिया जाता है। इसके साथ-साथ निर्वाह भत्ता के रूप में 9 हजार अमेरिकन डॉलर और आकस्मिक भत्ते के रूप में एक हजार अमेरिकन डॉलर दिए जाते हैं। इसके साथ-साथ शिक्षण शुल्क, मेडिकल, इंश्योरेंस, वीजा शुल्क तथा हवाई यात्रा किराया भी प्रदान किया जाता है। स्नातकोत्तर पढ़ाई के लिए आवेदन करने पर स्नातक में 60 प्रतिशत से अधिक तथा शोध उपाधि के लिए स्नातकोत्तर परीक्षा मंभ 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना आवश्यक है। शोध उपाधि के लिए एमफिल की उपाधि अथवा संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष के अध्यापन का अनुभव होना आवश्यक है। आवेदक का मध्यप्रदेश में निवासरत अनुसूचित जनजाति का सदस्य होना आवश्यक है। जिसकी आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ट्राईबल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर उपलब्ध आवेदन पत्र के प्रारूप को प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग 59 आदि भवन अरेरा हिल्स भोपाल अथवा जिला जनजातीय कार्य विभाग में स्वयं भी जमा कर सकते हैं। प्रभारी कलेक्टर ने कहा है कि सभी कालेजों के प्राचार्य पात्र विद्यार्थियों को इस योजना से अवगत कराएं।

**नगर निगम की लापरवाही से रीवा शहर यातायात की बदहाली का प्रतीक बन गया**

# यातायात व्यवस्था चरमराई: एंबुलेंस तक फंसी रही जाम में, दिन भर शहर के चौराहों और सड़कों पर जाम, लोग हो रहे परेशान





रीवा।

यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शहर के प्रत्येक प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यातायात पुलिस और नगर निगम की लापरवाही से रीवा शहर यातायात की बदहाली का प्रतीक बन गया है। सुबह से देर शाम तक शहर की प्रमुख सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आते हैं। आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में रात के समय नो इंट्री खुलने के बाद तो भारी वाहनों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाती है। उसके बाद हालात और खराब हो जाते हैं। इस अव्यवस्था का सबसे चिंताजनक पहलू तब देखने को मिलता है जब गंभीर मरीज को ले जा रही एंबुलेंस तक जाम की शिकार होकर भीड़ में खड़ी नजर आती है। दिन भर सड़कों एवं चौराहों का लगने वाले जाम ने यातायात प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिरकार ऐसे समय में यातायात पुलिस कहां चली जाती है। बता दे शहर के लगभग सभी मुख्य चौराहे जाम से जूझ रहे हैं। सोमवार को गुढ़ चौराहा, अस्पताल चौराहा, धोबिया टंकी, सिरमौर चौराहा, दोनों बस स्टैण्ड, जय स्तंभ, ढेकहा तिराहा, अमहिया और कलेक्ट्रेट के आसपास घंटों तक यातायात अव्यवस्थित रहा। फोर्ट रोड पर तो स्थिति बेहद खराब है। जब वाहनों का लंबा जाम लग जाता है तो एकाध पुलिसिये भी कुछ नहीं कर पाते हैं। शहर की यातायात व्यवस्था कितनी चरमरा गई है।बाजार में खरीदार सड़क पर खड़ा कर देते हैं वाहन लगभग पूरा शहर सोमवार एवं मंगलवार सुबह से रात तक जाम में फंसा रहा। अक्षय तृतिया पर लग्न होने से सुबह से ही शहर के मुख्य बाजार खरीदारों की भीड़ से पटे रहे, अधिकतर स्थानों पर वाहन पार्किंग न होने व बीच सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के चलते जगह-जगह जाम देखने को मिला। ढेकहा से लेकर रतहरा तक व जय स्तंभ से लेकर गुढ़ चौराहे के आगे तक आवागमन का दबाव बना रहा, जिससे बीच-बीच में वाहनों के पहिए थमने से दोनों ओर वाहनों की कतार लगने से जाम में फंसे वाहन चालक हॉर्न बजाते रहे, सबसे अधिक परेशानी एम्बुलेंस चालकों को हुई जो मरीज लेकर जा रहे थे, वाहनों के फंसे होने से एम्बुलेंस को भी निकलने का स्थान नहीं मिला। मुख्य मार्ग सहित शहर के सिरमौर चौराहा स्थित ओवर ब्रिज, समान ओवर ब्रिज व रेलवे ओवर बिज में दिनभर में कई बार वाहनों की कतार लगी देखी गई।रेवांचल एक्सप्रेस के समय शहर में रोजाना लगता है जाम रीवा से भोपाल के लिए चलने वाली रेवांचल एक्सप्रेस का निर्धारित समय रात 8:00 बजे है। इस ट्रेन के समय के स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों के कारण आसपास शहर के प्रमुख मुख्य सड़कों पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ जाता है। नतीजतन, शाम 6:00 बजे से ही जाम लगना शुरू हो जाता है, जो रात 8:00 बजे तक चरम पर पहुंच जाता है। इस दौरान कॉलेज चौराहा, रेलवे स्टेशन मार्ग, जयस्तम चौराहा से लेकर रेलवे मोड तक,समान तिराहा सहित कई प्रमुख स्थानों पर लंबी-लंबी वाहनों की कतारें देखी जाती हैं। दोपहिया से लेकर चारपहिया और भारी वाहन तक जाम में फंस जाते हैं, जिससे स्कूली छात्र, नौकरीपेशा लोग और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जाम के दौरान यातायात व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मी भी कई बार मौके से नदारद रहते हैं, जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ जाती है। जाम के कारण कई बार एंबुलेंस और इमरजेंसी सेवाएं भी प्रभावित होती हैं, जिससे जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

## स्टेयरिंग फेल होने से बेकाबू हुई कार पेड़ से टकराई, दो युवक घायल, देर रात हुआ हादसा, कुछ देर बाधित रहा यातायात




**रीवा**। शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज चौराहा स्थित कनिष्क ज्वेलर्स के सामने मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद खतरे से बाहर बताया जा रहा है। बता दे दुर्घटना देर रात उस समय हुई जब कार सिरमौर चौराहा ओवरब्रिज की ओर से कॉलेज चौराहा की दिशा में आ रही थी। बताया गया है कि जैसे ही वाहन ओवरब्रिज से नीचे उतरा, अचानक उसका स्टेयरिंग सिस्टम जवाब दे गया। चालक ने तत्काल स्थिति संभालने के लिए ब्रेक लगाए, लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार पर नियंत्रण नहीं रह सका और वह सीधे सड़क किनारे लगे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार का स्टेयरिंग टूटकर दूर जा गिरा। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और घायलों को वाहन से बाहर निकालने में मदद की। घटना के बाद कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कॉलेज चौराहा मार्ग पर यातायात भी आंशिक रूप से बाधित रहा। सूचना मिलते ही अमहिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए यातायात बहाल कराया। पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु भिजवाया और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में स्टेयरिंग फेल होना हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है, हालांकि वाहन की तकनीकी जांच के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### रीवा संभाग ई आफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**रीवा**। प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 18628 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 71989 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 6073 फाइलों का क्रिएशन तथा 48750 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 3112 फाइलों का क्रिएशन तथा 33766 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 15वें स्थान पर है। रीवा जिले में 7348 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 50951 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 40वें, मऊगंज जिला 50वें, सतना जिला 47वें, सीधी जिला 42वें तथा मैहर जिला 51वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई आफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है। यह सुशासन को मजबूत करने के लिए सराहनीय पहल है।

## शादी का सजा था मंडप, बारात से पहले पहुंची प्रशासन की लालबत्ती

**बाल विवाह समय रहते रोका प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संगठनों की संयुक्त कार्रवाई, काउंसलिंग के बाद परिवार ने रोकी नाबालिग की शादी**

रीवा।

जिले के जवा विकासखंड में समय रहते प्रशासन की तत्परता और सामाजिक संगठनों की सक्रियता से एक बाल विवाह को रोक दिया गया। जानकारी के अनुसार, जवा क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के विवाह की सूचना प्रभारी कलेक्टर सपना त्रिपाठी को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व अमले को तत्काल संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही प्रशासनिक टीम बिना विलंब किए मौके पर पहुंची और विवाह स्थल का निरीक्षण किया। उस समय विवाह की तैयारियां अंतिम चरण में थीं और मंडप सज चुका था, वहीं बारात आने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच प्रशासन की टीम के पहुंचने से मौके पर हलचल मच गई।कार्रवाई के दौरान स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी एवं समग्र जन चेतना विकास परिषद के प्रतिनिधियों ने परिवारजनों से संवाद स्थापित किया और बाल विवाह के दुष्परिणामों के साथ-साथ इसके कानूनी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कराना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए सख्त सजा और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। सतत काउंसलिंग और समझाइश के बाद परिजनों को अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने विवाह रोकने पर सहमति जताई। प्रशासनिक अमले ने मौके पर पंचनामा तैयार कराते हुए परिजनों से लिखित आश्वासन लिया कि बालिका के बालिग होने से पूर्व उसका विवाह नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि बालिका पूर्णतः सुरक्षित है और उसके अधिकारों का संरक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि सामाजिक संगठनों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने देर रात्रि मौके पर पहुंचकर बाल विवाह को रुकवाया। उन्होंने परिजनों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह घटना इस बात का सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करती है कि यदि समय पर सूचना, प्रशासन की सक्रियता और समाज की जागरूकता एक साथ कार्य करें, तो बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।



### रीवा संभाग में मादक पदार्थों के खिलाफ हुई कार्रवाई में जप्त 10 क्विंटल से अधिक गांजा व स्मैक का हुआ विनष्टीकरण

**रीवा**। रीवा संभाग में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को जिला सतना स्थित प्रिज्म फैक्ट्री परिसर में बड़ी कार्यवाही करते हुए विभिन्न जिलों से जब्त किए गए मादक पदार्थों का विधिवत विनष्टीकरण (नष्टिकरण) किया गया। इस कार्रवाई में लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य के 10 क्विंटल 18 किलोग्राम गांजा एवं 20 ग्राम स्मैक को नियमानुसार नष्ट किया गया। यह पूरी कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक रीवा संभाग गौरव सिंह राजपूत के निर्देशन एवं उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह विनष्टीकरण शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीधी, सतना, सिंगरौली, रीवा एवं मऊगंज जिलों में दर्ज कुल 84 प्रकरणों में जब्त किए गए मादक पदार्थों को इस प्रक्रिया के तहत नष्ट किया गया। विनष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे तथा पूरी प्रक्रिया की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा हेमंत सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह सहित विभिन्न जिलों के राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस बल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## नव नियुक्त निगम आयुक्त अक्षत जैन ने संभाला पदभार अधिकारियों के साथ परिचय बैठक एवं कार्यालय का किया निरीक्षण





**रीवा**। नगर पालिक निगम रीवा के नव नियुक्त निगम आयुक्त 2019 बैच के आईएएस अक्षत जैन ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया है पदभार ग्रहण करने के पश्चात निगम सभागार में अधिकारियों के साथ विस्तृत परिचय बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने एक-एक अधिकारी से वन-टू-वन संवाद स्थापित करते हुए परिचय प्राप्त किया एवं उनके कार्यक्षेत्र, दायित्वों एवं वर्तमान कार्यप्रणाली की जानकारी ली। बैठक में आयुक्त जैन ने कार्यालयीन अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय आएं तथा फील्ड स्टाफ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने टीम वर्क की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि निगम के सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं प्रदान की जा सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक उपरांत आयुक्त अक्षत जैन ने निगम कार्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में संचालित विभिन्न शाखाओं का क्रमवार भ्रमण किया और हर कक्ष में जाकर वहां की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक सभी से परिचय प्राप्त करते हुए कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व शाखा, निविदा शाखा, निर्माण शाखा, कैश काउंटर, एकल खिड़की प्रणाली, एनयूएलएम शाखा एवं समग्र पेंशन शाखा सहित अन्य विभागों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं नागरिक हित सर्वोपरि रखा जाए। इस दौरान बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, राजेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त सुश्री शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, लेखाधिकारी अवनीश त्रिपाठी, सहायक यंत्री एसएन द्विवेदी, राजेश मिश्रा, अभिनव चतुर्वेदी, राजेश चतुर्वेदी, कमलेश्वर सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी हेमन्त त्रिपाठी, नीलेश चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, उपयंत्री, स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें। बॉक्सस्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों ली समीक्षा बैठक निगम आयुक्त अक्षत जैन ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर बुधवार को निगम सभागार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में सर्वेक्षण के विभिन्न बिंदुओं, वर्तमान तैयारियों एवं सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। निगम आयुक्त जैन ने अधिकारियों से अब तक की प्रगति की जानकारी लेते हुए निगम की 7 स्टार रेटिंग तथा वाटर प्लस निकाय की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ट्रीटेड वाटर के उपयोग को बढ़ाने और स्काडा रिपोर्ट को दुरुस्त एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए। बैठक में गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) के 21 घटकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संबंधित कमियों को चिन्हित करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बिंदुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा एक सप्ताह के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। निगम आयुक्त जैन ने कहा कि सफाई व्यवस्था का प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने और व्यवस्थाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए । साथ ही सफाई कार्यों में आवश्यक सख्ती बरतने को कहा गया। उन्होंने वर्तमान सर्वेक्षण के चरण को ध्यान में रखते हुए डॉक्युमेंट्स अपलोड की प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त शहर में क्षतिग्रस्त डस्टबिन को शीघ्र बदलने तथा सिटी ब्यूटीफिकेशन के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के उपरांत आयुक्त श्री जैन ने अर्बन चौलेंज फंड (यूसीएफ) से संबंधित बैठक भी ली, जिसमें उन्होंने योजना के प्रावधानों एवं वित्तीय पहलुओं को समझा तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत प्रस्तावों एवं प्रक्रियाओं को नियमानुसार तैयार कर आगे बढ़ाया जाए।

## जिले में अवैध दवाखानों का गोरखधंधा झोलाछाप चिकित्सकों की चल रहा राज



**मऊगंज**। जिले में अवैध दवाखाने का यह गोरखधंधा इन दिनों जिले में खुलेआम फल फूल रहा है। झोलाछाप चिकित्सकों का अंबार लगा हुआ है। वहीं नकली दवाओं की बिक्री खुलेआम की जाती है आलम यह है कि इन मेडिकल स्टोरों को संचालित करने वाले अधिकतर व्यक्तियों के पास मेडिकल स्टोर संचालन का न तो लाइसेंस है और न ही उनके अनुरूप किसी भी प्रकार की डिग्री है फिर भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचल में राजश्री गुटके की भांति झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक और मेडिकल स्टोर खुले हुए हैं। इन नियम विरुद्ध संचालित दवा दुकानों में उत्तर प्रदेश बिहार जैसे राज्यों से अमानक स्तर की दवाई बिक्री करने वाले माफिया गिरोह का अवैध व्यवसाय खुलेआम अंचल में चल रहा है। नियम विरुद्ध मेडिकल स्टोरों का संचालनजिले के नईगढ़ी देवतालाब तमरी मऊगंज ढेरा पहाड़ी रामपुर हनुमना जैसे कस्बाई क्षेत्रों सहित अंचल के ग्रामीण रामपुर भीर कुशहा देवरिहन गांव बंधवा डिहिया पडांन शिवराजपुर अष्टभुजा धाम जोरौट खर्रा डिलहा पहाड़ी शाहपुर खटखरी हाटा बन्ना पाती फूल बहुती देवतालाब तमरी सीतापुर जैसी बसाहटो में संचालित झोलाछाप चिकित्सकों के क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोर अधिकतर उधार की डिग्री में चलाए जा रहे हैं। इनकी हकीकत यह है कि मेडिकल स्टोर की योग्यता रखने वाला व्यक्ति या तो नौकरी करता है या कहीं और रह रहा है। जबकि गैर डिग्री धारी अयोग्य व्यक्ति झोलाछाप चिकित्सक की तरह मेडिसिन के बारे में कुछ ना जानने वाला व्यक्ति उधार की डिग्री में खुलेआम मेडिकल स्टोर का संचालन कर रहे हैं और जिम्मेदार अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा है।कागजों तक सीमित जांच एवं कार्यवाही अंचल के कस्बाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम चल रहे झोलाछाप चिकित्सकों के अवैध मेडिकल स्टोरों का जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारी या जांच ड्रग विभाग के अमले द्वारा औचक निरीक्षण नहीं किया जाता।जिसका परिणाम यह रहा कि शहर से लेकर गांव तक अमानक स्तर की दवाइयां खुलेआम बिक्री हो रही है।

## कांग्रेस पार्टी हक लेना व दिलाना जानती है- डॉ. विनोद शुक्ला



**मऊगंज** देश की सर्वोच्च संस्था सदन के पटल में विगत दिवस 54 वोट से महिला आरक्षण बिल पारित होने से रुक गया। यह कांग्रेस की जनता के प्रति एक और बड़ी जीत के रूप में उभर कर सामने आया है, साथ ही इस जीत ने यह साबित कर दिया कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के हक के लिए लड़ना भी जानती है और उन्हें उनका हक दिलाना भी जानती है । यह बात कांग्रेस पार्टी के देवतालाब विधानसभा से पीसीसी सदस्य डॉ विनोद शुक्ला ने पत्रकारों के बीच अपनी पहली प्रतिक्रिया में कही ।

डॉ शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता को उनका हक दिलाने के लिए कटिबंध है , हम जल्दी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश मुख्यालय तथा राष्ट्रीय मुख्यालय से जारी होने वाले निर्देशों के तहत सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात करेंगे और उन्हें कांग्रेस पार्टी की गौरवशाली रीत नीति से अवगत कराएंगे। पीसीसी सदस्य डॉ विनोद शुक्ला ने यह भी कहा कि जिस तरह से बिल गिरा है उसने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि न केवल जनता बल्कि जनता से चुने गए प्रतिनिधियों ने भी भाजपा को सिरे से नकार दिया है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।